# शौर्य, स्वाभिमान, स्वाधीनता के जीवंत प्रतीक थे महाराणा प्रताप : तोमर

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शामिल हुए

नवभारत न्यूज

**सतना 21 जून. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता न करना ही महाराणा प्रताप की सबसे बड़ी विशेषता थी। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसके लिए किसी भी प्रकार का त्याग छोटा नहीं होता।**




विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर रविवार को सतना के टाउन हॉल में रायल राजपूत संगठन द्वारा आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमरपाटन डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। यदि युवा उनके साहस, अनुशासन और राष्ट्र प्रेम को अपने जीवन में उतारें, तो देश और समाज को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम वनवास काल के बाद अयोध्या लौटने पर ही मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम कहलाये। इसी प्रकार महाराणा प्रताप का संघर्ष और हल्दीघाटी का युद्ध उन्होंने अपने लिए नहीं लडा, महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए दिल्ली के मुगल शासकों से लोहा लिया। महाराणा प्रताप वे योद्धा थे। जिनसे अकबर ने भी कभी सीधे लडने की हिम्मत नहीं जुटा पाये। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि योग्य व्यक्ति का निर्माण करना एक कठिन प्रक्रिया है। सभी लोग कोशिश करें कि नौजवान की ऐसी टोली तैयार हो जो उस तत्व की खोज कर अपने आप को योग्य बनाये और सेना, व्यापार, सुरक्षा किसी भी क्षेत्र में जाकर प्रेरणा के स्त्रोत बने। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक अच्छे वंशज वहीं होते है जो अपनी विरासत को संजोये रखते हुए आने वाली पीढी को सुरक्षित रूप से सौप कर जाये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक अमरपाटन डॉ. सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप को बप्पा रावल से प्रेरणा मिली और उनके वंशज के रूप में शासकों के तौर पर महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान, स्वाधीनता, देशभक्ति और शौर्य का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

### कार्यक्रम के दौरान बंद हुई बिजली

कार्यक्रम के दौरान अचानक कुछ देर के लिए बिजली चली गई, जिससे मंच पर चल रहा कार्यक्रम थोड़ी देर के लिए रुक गया। बिजली बंद होने से मौजूद लोगों को भी परेशानी हुई। हालांकि, कुछ समय बाद बिजली वापस आने पर कार्यक्रम फिर से सामान्य रूप से शुरू हो गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, पूर्व महापौर पुष्कर सिंह तोमर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेन्द्र सिंह, अभय सिंह रोली, धर्मेन्द्र सिंह बराज, रायल राजपूत संगठन के नीरज सिंह, संजीव सिंह सहित बडी संख्या में गणमान्य और सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके पूर्व हवाई पट्टी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसका समापन टाउन हाल कार्यक्रम स्थल पर किया गया।

# बैकुंठपुर में बस और पिकअप के बीच सीधी टक्कर

## घटना से बना अफरा तफरी का माहौल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जून, रीवा-सिरमौर मार्ग के बैकुंठपुर कस्बे में यात्री बस और पिकअप में सीधी टक्कर हुई है. हालांकि सड़क हादसे में कोई भी गंभीर रूप से हताहत नहीं हुआ है. घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया है और यात्रियों को दूसरी बस से रीवा के लिए रवाना किया गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और वाहनों को अलग कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू कराया है.**

मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर कस्बे क्योटी मोड़ के समीप बस और पिकअप में सीधी टक्कर हो गई. इस सड़क हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है वहीं एक बड़ा सड़क हादसा भी टल गया है.

बताया गया है कि यात्री बस सिरमौर से रीवा की ओर आ रही थी और जैसे ही क्योंटी मोड़ के समीप पहुंची तभी सामने से आ रही पिकअप से सीधी टक्कर हो गई. बताया गया है कि पिकअप लाल गांव की ओर जा रहा था इस सड़क हादसे में बस की आगे की सीट में बैठे कुछ यात्रियों को हल्की चोट आई है वहीं घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची है और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों वाहनों को अलग कराया है पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# सिंगरौली में शांतिपूर्ण हुई नीट परीक्षा

## 1,367 में से 1,236 छात्र परीक्षा में शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जून। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट जिले में आज रविवार को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिले के चार प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।**

जिले में कुल 1,367 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,236 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं 131 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले का कुल उपस्थिति प्रतिशत 90.4 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। केंद्रवार आंकड़ों पर नजर डालें तो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत में सबसे बेहतर उपस्थिति दर्ज की गई। यहां 312 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 294 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विंध्यनगर में 336 में से 309 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 27 अनुपस्थित रहे।

### जयंत केंद्र पर रही सर्वाधिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति

जिले के सबसे बड़े परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न एक्सीलेंस स्कूल में 479 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 423 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 56 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं केन्द्रीय विद्यालय जयंत कोलियरी केंद्र में 240 में से 210 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और 30 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्थाओं के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी।

# घर में आगजनी के बाद चक्का जाम, रास्ते के विवाद ने लिया हिंसक रूप

▸ मड़वास थाना के जोगीपहाड़ी गांव का मामला

नवभारत न्यूज

**सीधी, 21 जून. जिले के मड़वास थानांतर्गत जोगीपहाड़ी गांव में आज रविवार सुबह दो साकेत परिवारों के बीच लंबे समय से चले आ रहे जमीनी एवं रास्ते के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया।**



आरोप है कि विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के खपरैल मकान में आग लगा दी, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मझौली-मड़वास मार्ग पर चक्का जाम कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पक्ष के अवधेश साकेत का आरोप है कि रास्ते के चौड़ीकरण को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में उन्होंने 18 एवं 19 जून को पथरौला चौकी में शिकायत भी दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि शिकायत पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते रविवार सुबह करीब 5ः30 से 6 बजे के बीच आरोपियों ने महिलाओं को आगे कर उनके घर में आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मड़वास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल वाहन को बुलाया गया।

दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। आगजनी से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान होने की बात सामने आई है। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जोगीपहाड़ी में मझौली-मड़वास मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

### पुलिस के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अतर सिंह एवं संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों से चर्चा की। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर मार्ग बहाल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। साथ ही आगजनी से हुए नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

### दर्जन भर के खिलाफ मामला दर्ज : अतर

मड़वास थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि घटना को लेकर मैने समझाइस भी दिया। कुछ लोग उत्तेजित थे। पूरे प्रकरण में 12 लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिन्होंने घर जलाया है उन सभी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि आरोपी सूरज मणि साकेत, सूरज साकेत, हीरामणि साकेत, हनुमान साकेत, भैयालाल साकेत, आरती साकेत, कोयल साकेत, बतसिया साकेत, बबली साकेत, करुणा साकेत, कमलेश्वर साके, शांति साकेत के खिलाफ अपराध धारा 296, 115(2), 125, 326 ग, 331, 324, 3/5 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# उचेहरा के पाठा क्षेत्र के नीलकंठ मंदिर से लाखों की चोरी

## कन्हैया की बासुरी में जड़े थे कीमती रत्न

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 जून. उचेहरा थाना क्षेत्र के रामपुर पाठा में बने प्रसिद्ध नीलकंठ आश्रम के राधा-कृष्ण मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। 20- 21 जून की दरमियानी रात चोरों ने एक के बाद एक तीन ताले चटकाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी, मुकुट समेत लाखों के बर्तन और आभूषण चोरी कर लिए।**



रविवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी दिनकर मिश्रा निवासी सुरदहा मंदिर के पट खोलने पहुंचे तब उन्हें चोरी हो जाने का पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को खबर दी। सूचना पाकर चौकी प्रभारी परसमनिया संतोष ध्रुवे मौके पर पहुंचे। घटना स्थल देखने के बाद उन्होंने थाना प्रभारी उचेहरा सतीश मिश्रा और अन्य आला अफसरों को खबर दी।

पुलिस के अनुसार, नीलकंठ आश्रम के मुख्य मंदिर के पुजारी दिनकर मिश्रा ने पूछताछ में बताया कि शनिवार की शाम शयन आरती के बाद वह मंदिर के पट बंदर करते हुए ताले लगाकर चले गए थे। सुबह आने पर देखा कि चोरों ने मंदिर के तीन दरवाजों के ताले तोड़े हैं। मंदिर के अंदर से राधा कृष्ण के मुकुट, बांसुरी, चांदी के बर्तन, मंदिर में जड़े चांदी के सिक्के, सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर समेत अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है।

### बंद थे सीसीटीवी कैमरे

पुजारी ने पुलिस को बताया कि कैमरे कई दिनों से बंद थे। बावजूद चोर कैमरे क्षतिग्रस्त करते हुए उखाड़ ले गए और डीवीआर भी गायब है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से भी घटना स्थल की जांच कराई है। आस पास क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी करने वालों का सुराग मिल सके।

# दो दिन पूर्व बारात में जाने निकला था रघुनाथ

## एनएच 39 सड़क के किनारे झाड़ियों में शव मिलने से सनसनी





नवभारत न्यूज

**चितरंगी 21 जून। चितरंगी थाना क्षेत्र के भर्रा गांव में दो दिन से लापता युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिलने से सनसनी फैल गई। 25 वर्षीय युवक घर से बारात में शामिल होने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रविवार को तलाश के दौरान उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार भर्रा गांव निवासी रघुनाथ उर्फ सरजू सिंह खैरवार उम्र 25 वर्ष 17 जून को गांव में आयोजित एक बारात में शामिल होने के लिए घर से निकला था। देर रात तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में मामले की सूचना चितरंगी थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की गई। रविवार की दोपहर परिजन और ग्रामीण युवक की तलाश करते हुए गांव से लगे जंगल क्षेत्र की ओर पहुंचे। इसी दौरान सड़क किनारे झाड़ियों से तेज दुर्गंध आने पर लोगों को शक हुआ। जब ग्रामीण झाड़ियों के पास पहुंचे तो वहां एक शव पड़ा मिला। शव की पहचान रघुनाथ उर्फ सरजू सिंह खैरवार के रूप में की गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

### पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार, हत्या की आशंका

सूचना मिलते ही चितरंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव कई दिनों पुराना होने और खराब स्थिति में होने के कारण मौके पर मौत के कारणों का पता नहीं चल सका। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंका गया है। उनका कहना है कि युवक की किसी से दुश्मनी नहीं थी, ऐसे में उसकी संदिग्ध मौत कई सवाल खड़े कर रही है।

### इनका कहना है

युवक की गुमशुदगी की सूचना पहले से दर्ज थी और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। अब शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

**सुधेश तिवारी**
थाना प्रभारी



# दुकान और स्कॉर्पियो में आगजनी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## भीड़ ने दुकान और वाहन को किया था आग के हवाले

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जून। मोरवा थाना क्षेत्र के चर्चित पवन साहू हत्याकांड के दौरान मोरवा के साईनगर में पंकज गुप्ता के दुकान और स्कॉर्पियो वाहन में आगजनी एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।**

यहां बताते चले कि 11 मार्च की रात लगभग 9:45 बजे मोरवा स्थित पंकज गुप्ता की दुकान पर 20-25 लोगों की भीड़ पहुंची और जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखे सामान में तोड़फोड़ की तथा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। इसके बाद दुकान के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर आग के हवाले कर दिया। घटना में दुकान में रखा किराना सामान, फ्रिज, सीसीटीव्ही कैमरे, डीवीआर सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। वहीं स्कोर्पियो वाहन भी पूरी तरह जल गया। पीड़ित राहुल कुमार गुप्ता निवासी मोरवा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए लगभग 5 लाख रुपये के नुकसान की जानकारी दी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आगजनी के मुख्य आरोपी आशीष साकेत पिता संतलाल साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी साईनगर थाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में उनि एनपी तिवारी, सउनि संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह, प्रआर कुलदीप शर्मा, आर अजय यादव, कमलेश तिवारी, रियाज आलम एवं राकेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## घर से बकरी चराने निकली नाबालिका को गांव के ही युवक ने किया था अगवा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जून। मोरवा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।**



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 जून ग्राम पिपरखड़ से बकरी चराने निकली एक नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी दिनेश पनिका पिता मिरई पनिका उम्र 21 वर्ष युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म व अपहरण की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की। जिसके बाद 21 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम पिपरखड़ पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिनेश को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिंगरौली भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में मोरवा निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के सतत निगरानी में उपनिरीक्षक एनपी तिवारी, सउनि संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह, कुलदीप शर्मा, आर अजय यादव, कमलेश तिवारी, रियाज आलम, राकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गनियारी में सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश को किया नाकाम

## विहिप ने प्रशासन के साथ मिलकर अवैध चबूतरा किया ध्वस्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जून। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी में सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश ने प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



प्रधानमंत्री आवास योजना से लगी खाली पड़ी सरकारी भूमि पर आधी रात कथित तौर पर अवैध निर्माण की कोशिश ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। हैरानी की बात यह है कि यह प्रयास चोरी-छिपे उस समय किया गया जब आम लोग सो रहे थे, मानो कानून व्यवस्था को चुनौती दी जा रही हो। बताया जा रहा है कि एक संप्रदाय विशेष के कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से आधी रात चबूतरा निर्माण शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों को इसकी भनक लगते ही मामला तेजी से फैल गया। सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने न केवल विरोध जताया बल्कि प्रशासन को भी तत्काल सक्रिय होने पर मजबूर कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और कोतवाली पुलिस टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके का निरीक्षण करने के बाद अवैध निर्माण को बिना देर किए ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने साफ संकेत दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त निगरानी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी साजिश की भनक पहले क्यों नहीं लगी और आधी रात को निर्माण सामग्री वहां तक कैसे पहुंची, फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99